फा०सं०3-8/2022-23/प्र०अ०/ड्राईक्लीनिंग

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

(प्रबंधक अनुभाग)

1. ड्राईक्लीनर/फर्म का नाम व पता ..............................................................................................................

मोबाइल नं० ..............................................................................

2. कार्य का अनुभाग ..............................................................................................................

| क्र.सं. | धुलाई/ड्राईक्लीनिंग की मदें | | धुलाईदरें INR | ड्राईक्लीनिंग दरें INR |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय झंडा | (धुलाई) | | |
| 2. | बैड शीट (सिंगल बैड) स्टैंडर्ड साइज | (धुलाई) | | |
| 3. | बैड शीट (सिंगल बैड) लार्ज साईज | (धुलाई) | | |
| 4. | कम्बल (सिंगल बैड) ऐक्रिलिक मिंक कम्बल | (ड्राईक्लीन) | | |
| 5. | कम्बल (सिंगल बैड) शुद्ध ऊन (वूलमार्क) | (ड्राईक्लीन) | | |
| 6. | कम्बल सिंगल बैड (अन्य) | (ड्राईक्लीन) | | |
| 7. | कम्बल के कवर | (धुलाई) | | |
| 8. | पर्दे लाईनिंग सहित प्रति पैनल (सिंगल) | (धुलाई) | | |
| 9. | पर्दे लाईनिंग सहित प्रति पैनल (डबल) | (धुलाई) | | |
| 10. | पर्दे बिना लाईनिंग प्रति पैनल (सिंगल) | (धुलाई) | | |
| 11. | पर्दे बिना लाईनिंग प्रति पैनल (डबल) | (धुलाई) | | |
| 12. | खडी पट्टी वाले पर्दे के पीस | (ड्राईक्लीन) | | |
| 13. | सोफा अपहोलस्ट्री सिंगल सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 14. | सोफा अपहोलस्ट्री टू-सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 15. | सोफा अपहोलस्ट्री थ्री-सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 16. | सोफा अपहोलस्ट्री स्वेट लेदर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 17. | सोफा सेट कवर/लूस कवर (बिना सिले) सिंगल सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 18. | सोफा सेट कवर/लूस कवर (बिना सिले) टू सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 19. | सोफा सेट कवर/लूस कवर (बिना सिले) थ्री सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 20. | सोफा सेट के सीट के कवर सिंगल सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 21. | सोफा सेट के सीट के कवर टू सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 22. | सोफा सेट के सीट के कवर थ्री सीटर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 23. | आफिस चेयर (अपहोलेस्ट्री) | (ड्राईक्लीन) | | |
| 24. | कुशन चेयर | (ड्राईक्लीन) | | |
| 25. | तकिया | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |
| 26. | तकिये के कवर | (धुलाई) | | |
| 27. | तौलिया (बडा/मिडियम साईज़) | (धुलाई) | | |
| 28. | तौलिया (छोटा साईज) | (धुलाई) | | |
| 29. | हाथ तौलिया 15"X15" | (धुलाई) | | |
| 30. | कुर्सी के कवर | (धुलाई) | | |
| 31. | दरी (स्टैंडर्ड साईज) | (धुलाई) | | |
| 32. | दरी लार्ज साईज | (धुलाई) | | |
| 33. | कार की सीट कवर | (धुलाई) | | |
| 34. | रोलिंग बिलिंडस | (धुलाई) | | |
| 35. | विसिन बिलिंडस | (धुलाई) | | |
| 36. | कारपेट | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |
| 37. | पर्दे डबल लाइनिंग नायलान | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |
| 38. | शियर कर्टेन नायलान | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |
| 39. | बैड कवर० 7'X7' तकिया कवर सहित (शिल्क) | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |
| 40. | बैड कवर 7'X7' तकिया कवर सहित (सूती) | (धुलाई)/ड्राईक्लीन | | |

17/9/24

फा०सं०3-8/2022-23/प्र०अ०/ड्राईक्लीनिंग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016
(प्रबंधक अनुभाग)

दिनांकः ----------------------

**सीमित निविदा सूचना**

**विषयः परिषद् में पर्दो, तौलियों, सोफा सेटों एवं वस्त्रों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग हेतु सीमित (limited) निविदा के अंतर्गत दरों के आमंत्रण के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संलग्न सूची के अनुसार परिषद् के कपड़ों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु ठेका देने के लिए परिषद्, 'सीमित निविदा' (कोटेशन) आमंत्रित करती है। इच्छुक फर्म/ड्राईक्लीनर्स को सचिव, परिषद् के पक्ष में देय रु.2000/- की **बयाना जमा राशि (Earnest Money Deposit)** और **टेंडर फ़ीस के रूप में रु.500/-** अलग-अलग राशि का अकाउन्ट पेई डीडी/एफडीआर/इंश्योरेंस स्योरिटी बॉण्डस (Account Payee DD/FDR/Insurance secrity bonds etc. इत्यादि जमा करानी होगी। ठेका आवार्ड होने पर निविदा देने वाले फर्म/ड्राईक्लीनर्स को 30 दिन के अंदर बयाना राशि बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी। निविदा के निबंधन/नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं:

1. जिस फर्म/ड्राईक्लीनर्स को ठेका दिया जाएगा उसको रु.5000/- कार्य **निष्पादन सुरक्षा राशि (Performance Security Amount)** के रुप में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. कार्य निष्पादन सुरक्षा राशि फर्म/ड्राईक्लीनर्स का कार्य निष्पादन (performance) संतोषजनक होने की स्थिति में ठेका समाप्ति पर 60 दिनों के अंदर अनुबंध के विधिवत पूरा होने पर बिना किसी ब्याज के ही लौटाई जाएगी।
3. कपड़ों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का ठेका एक वर्ष का होगा जिसे परिषद् द्वारा बढ़ाया-घटाया भी जा सकता है। कार्य के गुणवत्ता की संतोषजनक स्थिति पाई जाने पर ठेके की अवधि को आगे 02 वर्ष तक एक-एक वर्ष के अन्तराल में दो बार बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है इस प्रकार कुल अवधि 03 वर्ष की होगी। अर्थात् ठेका के सभी दरों, निबंधन/नियमों और शर्तों को पूरा करने पर ठेका जारी होने की तिथि से ठेके की अवधि कुल 3 वर्ष की होगी।
4. कपड़ों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का ठेका जिस ठेकेदार(फर्म) को मिलेगा वह ठेकेदार किसी अन्य ठेकेदार को वस्त्रों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का उप-ठेका (Sub-contract) नहीं देगा।
5. कपड़ों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग करने के पश्चात् उन्हें उचित समय पर एक सप्ताह के अन्दर परिषद् को लौटाना होगा। यदि एक सप्ताह के बाद कपड़े लौटाए जाएँगे तो धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का भुगतान नहीं किया जाएगा। एन.आई.ई. अतिथि गह का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करना होगा ।
6. यदि कोई कपड़ा खो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी फर्म की होगी और जिसका भुगतान फर्म को करना होगा अन्यथा निष्पादन सुरक्षा राशि में से पैसे काट लिए जाएँगें।
7. कपड़ों को अनुभाग/विभाग एवं अतिथि गृह से ले जाने व वापस देने की जिम्मेदारी स्वयं फर्म/ड्राइक्लीनर्स की होगी तथा इस संबंध में अनुभाग अधिकारी प्रबंधक अनुभाग को सूचित करना आवश्यक होगा।
8. प्रत्येक महीनें की समाप्ति पर धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का बिल (तीन प्रतियों में) प्रबंधक कार्यालय/मैनेजर एनआईई अतिथि गह में प्रस्तुत करनी होगी। कार्य के सन्तोषजनक पाए जाने पर ही बिल का भुगतान किया जाएगा।
9. यदि फर्म द्वारा धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का कार्य सन्तोषजनक नहीं पाया गया तो बिना किसी सूचना अथवा एक माह का अग्रिम नोटिस देकर ठेका रद्द किया जा सकता है।
10. फर्म को केवल Quotation Rates (Including Taxes, if any) के अनुसार भुगतान किया जाएगा। अन्य किसी प्रकार का भुगतान राशि देय नहीं होगी।
11. इमरजेंसी के समय धुलाई/ड्राईक्लीनिंग की सेवाएँ तत्काल उपलब्ध करानी होगी।

कृपया उपरोक्त कार्य के लिए संलग्न दर सूची प्रपत्र (Quotation Form) को पूर्णरूप से भर कर इच्छुक फर्म/ड्राईक्लीनर्स अपनी मोहर बंद निविदा/दरसूची, सीलबंद लिफाफे में जिस पर ऊपर की ओर **'कपड़ों की धुलाई/ड्राईक्लीनिंग हेतु निविदा पत्र'** अंकित हो यह निविदा पत्र जारी होने के 3 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**संलग्नः- दर सूची प्रपत्र (Quotation Form)**

(महावीर सिंह)
अवर सचिव